महत्वपूर्ण एवं खास

यूपी रू सीएम योगी को दलित मित्र अवॉर्ड से सम्मानित करेगा अंबेडकर महासभा!

लखनऊ । एससी-एसटी एक्ट में बदलाव को लेकर दलित समुदाय इन दिनों नाराज है. को भारत बंद के दौरान उत्तर प्रदेश में कई जगह हिंसा की घटनाएं सामने आई और प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई के कुछ दिन बाद अंबेडकर महासभा यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ को 'दलित मित्र' अवॉर्ड से सम्मानित करेंगे. लखनऊ में 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के मौके पर योगी को 'दलित मित्र' का सम्मान दिया जाएगा. हालांकि योगी को सम्मान दिए जाने की बात सामने आते ही विरोध होने लगा है. अंबेडकर महासभा को 1998 में स्थापित किया गया था. महासभा के दो संस्थापक सदस्य सीएम योगी आदित्यनाथ को दलित मित्र सम्मान दिए जाने के ऐलान का विरोध कर रहे हैं. पूर्व आईजी एसआर दारापुरी सहित दो सदस्यों ने योगी को सम्मान दिए जाने का विरोध करने की धमकी दी है. उन्होंने अंबेडकर महासभा के अध्यक्ष लालजी प्रसाद निर्मल पर बीजेपी के हाथों में खेलने का आरोप लगाया है.

वडोदरा की कंपनी ने बैंकों को लगाया 2654 करोड़ का चूना!

नई दिल्ली , अप्रैल । पीएनबी को हीरा कारोबारी नीरव मोदी और मेहुल चोकसी की तरफ से 13000 करोड़ रुपये का चुना लगाए जाने के बाद बैंक फ्रॉड का एक और मामला सामने आया है. यह मामला वडोदरा की बिजली केबल बनाने वाली कंपनी से जुड़ा बताया जा रहा है. इस मामले में सीबीआई ने विभिन्न बैंकों के साथ कथित तौर पर 2654 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के लिये कंपनी और उसके निदेशकों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया. यह कंपनी बिजली केबल और उपकरणों का कारोबार करती है. सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि कंपनी डायमंड पावर इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (डीपीआईएल) और उसके निदेशकों के वडोदरा स्थित आधिकारिक और आवासीय परिसरों की तलाशी ली.

11 बैंकों से लिया था लोन- सीबीआई ने आरोप लगाया कि डीपीआईएल के प्रमोटर एसएन भटनागर और उनके बेटे अमित भटनागर और सुमित भटनागर कंपनी के अधिकारी हैं. सीबीआई ने कहा कि इस कर्ज को 2016-17 में एनपीए घोषित कर दिया गया. सीबीआई ने कहा, 'यह आरोप लगाया जाता है

सलमान खान की जमानत अर्जी पर बहस जारी ,बहने मौजूद

जोधपुर जनता से रिश्ता वेबडेस्क ! जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद कैदी नंबर 106 यानि सुल्मान खान ने सजा की पहली रात काट ली है. सुलमान को जोधपुर के कंकाणी में 1998 में दो काले हिरणों का शिकार करने के जुर्म में जोधपुर की छ्छ्रू कोर्ट ने 5 साल की सजा सुनाई है. आज सलमान खान की जमानत याचिका पर सेशन कोर्ट में थोड़ी ही देर में सुनवाई होगी.

मनोरोगी अन्य लोगों की सोच पर ध्यान नहीं देते हैं

जनता से रिश्ता वेबडेस्क टीवी कार्यक्रमों और फिल्मों में मनोरोगियों को अक्सर चालबाज़ बताया जाता है, लेकिन ताज़ा अनुसंधान से पता चलता है कि वे ऐसी कोई चालाकी कर ही नहीं सकते क्योंकि चालबाज़ी के लिए व्यक्ति को यह ध्यान देना ज़रूरी होता है कि अन्य लोग किस ढंग से सोचते हैं और उनकी सोच की तोड़ निकालनी पड़ती है जबकि मनोरोगियों के लिए दूसरों के दृष्टिकोण का कोई अस्तित्व ही नहीं होता। यह समझने की क्षमता का विकास जीवन के शुरुआती वर्षों में ही हो जाता है कि अन्य लोगों की धारणाएं और अभिमत हमसे अलग हो सकते हैं। इसे क्वदिमाग का सिद्धांत' कहते हैं। हाल ही में हुए अध्ययन के अनुसार दिमाग के दो घटक होते हैं ङ्क एक प्रकट रूप, जहां हम होशो-हवास में यह विचार करते हैं कि कोई और व्यक्ति क्या सोच रहा है। दूसरा, एक स्वचालित घटक होता है जो हमारे फैसलों को अवचेतन स्तर पर प्रभावित करता है।

लालू प्रसाद यादव अस्पताल से बोले, देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति !!

जनता से रिश्ता वेबडेस्क। पटना. राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि देश में अघोषित आपातकाल की स्थिति है और आजादी के 70 सालों में दबे कुचले और उपेक्षित वर्ग ने इतना बुरा दौर कभी नहीं देखा. पटना में आज राजद विधायकों की बैठक के दौरान करोड़ों रूपये के चारा घोटाला मामले में सजा काट रहे लालू के पढ़े गए उक्त संदेश में कहा गया है कि समाज के कमजोर वर्ग राजद से आस लगाए बैठे हैं कि हम उनकी वेदना को पूरी ताकत से हर मंच पर उठाएं और उनकी आवाज को बुलंद करें. लालू ने आगे कहा है कि आजादी के 70 सालों में दबे कुचले और उपेक्षित वर्ग ने इतना बुरा दौर कभी नहीं देखा. यह अघोषित आपातकाल का दौर आपातकाल से भी अधिक खतरनाक है ।

छत्तीसगढ़ में अंबेडकर जयंती के दिन पीएम मोदी गुरुकुल के 3000 बच्चों से करेंगे संवाद!

रायपुर । अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसग। के नक्सल प्रभावित बीजापुर में होंगे। इसकी प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक कार्यक्रम के दौरान नरेंद्र मोदी जहां बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से यहां लाए जाने वाले गुरुकुल पद्धति के 3000 बच्चों के साथ संवाद करेंगे। वहीं डे मिनट के प्रोमो के माध्यम से बीजापुर खेल अकादमी का जलवा भी देखेंगे। मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के बाद प्रधानमंत्री का भी प्रदेश में आगमन होने जा रहा है। जिसमें वे प्रदेश की स्थिति व विशेष कर नक्सल प्रभावित क्षेत्र का जायजा लेंगे।एसटी एससी वोट को लुभाने की कोशिश

प्रधानमंत्री के इस आगमन का अनुमान लगाया जा रहा है कि वे बाबा साहेब के जयंती के दिन आकर कही ना कहीं एससी एसटी वोट को अपने पाली

में डालने की एक कोशिस है। हालांकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने इस बाद का खण्डन करते हुए कहा कि अम्बेडकर जयंती दिन मोदी का प्रदेश प्रवास केवल शुभकाज का शुभ आरम्भ उद्देश्य से हो रहा है। वोट के लिए अनुसुचित जाति व जनजाति को लुभाने का लक्ष्य नहीं है उन्होंने कहा कि पीएम बीजापुर में जातिगत वोट को अपने पाली में डालने नहीं बल्कि वहां कि स्थिति का जायजा लेने जा रहें हैं। बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री की मौजूदगी के दौरान कई केंद्रीय मंत्रियों व अधिकारियों के अलावा छत्तीसग? सरकार के भी तमाम मंत्री व अधिकारी बीजापुर में मौजूद रहेंगे इसलिए सर्किट हाउस को भी पांच दिन पूर्व से ही खाली रखने का निर्देश दिया गया है।

आयुष्मान भारत योजना देश को करेंगे समर्पित

कौशिक ने कहा प्रधानमंत्री यहीं से आयुष्मान भारत योजना देश को समर्पित करने के साथ ही 150 करो? रुपये से अधिक के दूसरे विकास कार्यो का लोकार्पण भी करेंगे। प्रधानमंत्री उस शिलापट्ट का भी अनावरण करेंगे जिस पर बस्तर संभाग में नक्सल वारदात के दौरान शहीद हुए जवानों का नाम अंकित है। अमर जवानों की याद में यह शिलापट्ट इसलिए बनवाया गया है ।

करोड़ का बिटकॉइन घोटाला करने के वाले दोनों भाई गिरफ्तार

नई दिल्ली,आरएनएस । बिटकॉइन द्वारा लोगों को चुना लगाकर 2 हजार करोड़ का घोटाला करने वाले अमित भारद्वाज को पुणे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अमित के साथ ही उसके भाई विवेक को भी दिल्ली एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया है। दोनों बैंकॉक से दिल्ली वापस आए थे। अमित ने खुद की एक कंपनी जीबी (गेन बिटकॉइन) माइनिंग शुरू की थी। उस पर हजारों लोगों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप है। इससे पहले पुणे पुलिस ने उससे जुड़े 7 लोगों को गिरफ्तार किया था। ईडी ने उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस भी जारी किया था। अमित भारद्वाज ने पूरा फर्जीवाड़ा गेनबिटकॉइन वेबसाइट के जरिए किया। बता दें कि इन दोनों ने 5 अन्य लोगों के साथ मिलकर कई कंपनियां शुरू कीं। इनका मकसद था मार्केट में आए क्रिप्टोकरंसी के कॉन्सेप्ट के जरिए पैसे बनाना। अमित और विवेक भारद्वाज दोनों खुद को इनोवेटर के तौर पर आगे रखते थे। इन्होंने हजारों लोगों को तगड़े रिटर्न का लालच देकर उनसे अपनी कंपनी में इन्वेस्ट करवाया। ये बिटकॉइन को आगे रखकर पहले लोगों को भरोसा दिलाते कि इसमें मोटा रिटर्न है और बाद में उनके सामने कई तरह की मार्केटिंग स्कीम्स रखते।

रेस्लिंग में एक दांव से चित हुआ रेस्लर, गर्दन टूटने से मौत

कोल्हापुर,(आरएनएस) । महाराष्ट्र के कोल्हापुर जिले में कुश्ती के एक जिला स्तर मुकाबले में गंभीर रूप से घायल हुये पहलवान निलेश विठ्ठल कांड्रकर की शुक्रवार सुबह स्थानीय अस्पताल में मौत हो गई। कोल्हापुर जिले के बांडेवाड़ी के पनहाला तहसील में हुये इस मुकाबले में विठ्ठल गंभीर रूप से घायल हो गये थे जिसके बाद उन्हें कराड़ के कृष्णा अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां आज सुबह उनका निधन हो गया। इस मुकाबले को बांडेवाड़ी गांव में 31 मार्च को निकाली गयी ज्योतिंग यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था जहां उनके विपक्षी खिलाड़ी ने एक चक दांव से उन्हें चित कर दिया, हालांकि इससे निलेश की गर्दन और शरीर के बाकी हिस्से में गंभीर चोट लग गयी। पुलिस ने बताया कि पहलवान पिछले छह दिनों से कृष्णा अस्पताल में अपनी जिंदगी मौत के लिये संघर्ष कर रहा था।

भारत की झोली एक और पदक, वेटलिफ्टिंग में दीपक ने जीता कास्य

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। भारत के दीपक लाठेर ने 21वें राष्ट्रमंडल खेलों के दूसरे दिन शुक्रवार को पुरुषों की भारोत्तोलान स्पर्धा के 69 किलोग्राम भारवर्ग में भारत को कांस्य पदक दिलाया। भारत का यह इन खेलों में पहला कांस्य पदक है। इससे पहले भारत ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक अपने नाम किया और यह सभी पदक भारोत्तोलान में

आए हैं। दीपक ने स्नैच में 136 किलोग्राम सर्वश्रेष्ठ भार उठाया। वहीं क्लीन एंड जर्क में 159 किलोग्राम सर्वश्रेष्ठ भार उठाया। उन्होंने कुल स्कोर 295 के साथ कांसे पर कब्जा जमाया। इस स्पर्धा का स्वर्ण वेल्स के गारेथ इवांस के नाम रहा जिन्होंने कुल 299 का स्कोर किया। रजत पर श्रीलंका के इंडिका दिसानायके ने कब्जा जमाया। उन्होंने 297 का स्कोर किया। इससे पहले, दूसरे दिन भी भारत की महिला भारोत्तोलाक खिलाड़ी संचिता चानू ने 53 किलोग्राम भारवर्ग में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया।

जम्मू एवं कश्मीर : युवक का सिर कटा शव बरामद

श्रीनगर जनता से रिश्ता वेबडेस्क। जम्मू और कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शुक्रवार को इस सप्ताह के शुरुआत में आतंकवादियों द्वारा अपहृत एक युवा का सिर कटा शव बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि 25 वर्षीय मंजूर अहमद भट्ट का शव हाजिन इलाके के एक बगीचे में बरामद हुआ। पुलिस सूत्रों ने कहा कि बुधवार को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों ने अब्दुल गफार भट्ट और उनके बेटे मंजूर अहमद का अपहरण कर लिया था।

मिताली राज ने रचा इतिहास, 192 मैच खेलने वाली दुनिया की पहली महिला खिलाड़ी

नई दिल्ली,आरएनएस । महिला टीम इंडिया की वनडे टीम की कप्तान मिताली राज ने क्रिकेट की दुनिया में एक नया इतिहास रच दिया. शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए वनडे मैच में उतरते ही मिताली राज ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम के साथ जोड़ लिया. वह महिला क्रिकेट में पहले खिलाड़ी बन गई हैं, जिसने 192 वनडे मैच खेले हैं. विश्व क्रिकेट इतने मैच अब तक कोई महिला नहीं खेल पाई है. 35 वर्षीय मिताली राज ने अपना पहला वनडे मैच 26 जून 1999 को खेला था.

मिताली अब तक इतने मैचों में 6295 रन बना चुकी हैं. इनमें 6 शतक और 49 अर्धशतक हैं. इसके अलावा वह 10 टेस्ट मैच और 72 टी20 मैच खेल चुकी हैं. उनसे पहले सबसे ज्यादा वनडे मैच खेलने का रिकॉर्ड चारलोट एडवर्ड्स के नाम था.

सबसे ज्यादा वनडे मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी

मैच	खिलाड़ी
192	मिताली राज
191	चार्लोट एडवर्ड्स
167	झूलन गोस्वामी
144	एलेक्स ब्लेकवेल

मिताली राज वनडे मैचों में लगातार 7 अर्धशतक लगाने वाली दुनिया की अकेली खिलाड़ी हैं. अब वह टी 20 में भी लगातार चार अर्धशतक लगाने वाली दुनिया की पहली बल्लेबाज बन गई हैं. टी20 में उन्होंने लगातार 62, 73, 54 और 76 रनों की पारियां खेल चुकी हैं. इसमें पिछली दो पारियों में तो वह आउट भी नहीं हुई हैं. मिताली ने अब तक 49 अर्धशतक जमाये हैं जो कि विश्व रिकॉर्ड है. बेहतरीन फॉर्म में चल रही भारतीय कप्तान को अब अर्धशतकों का पचासा पूरा करने के लिये केवल एक अर्धशतक की जरूरत है ।

श्रीनगर में विरोध प्रदर्शन रोकने के लिए प्रतिबंध

श्रीनगर जनता से रिश्ता वेबडेस्क ! श्रीनगर शहर के कुछ हिस्सों और कश्मीर घाटी के कुछ इलाकों में प्रशासन ने अलगाववादियों के विरोध प्रदर्शन को रोकने के लिए शुक्रवार को प्रतिबंध लगा दिया है।सैयद अली गिलानी, मीरवाइज उमर फारूक और मुहम्मद यासीन मलिक की अगुवाई में अलगाववादी संगठन संयुक्त प्रतिरोध नेतृत्व (जेआरएल) ने शुक्रवार की नमाज के बाद शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों का आह्वान किया था।

राष्ट्रमंडल खेल: क्वार्टर फाइनल में पहुंचे मुक्केबाज नमन तंवर

गोल्ड कोस्ट,(आरएनएस) । भारतीय पुरुष मुक्केबाज नमन तंवर ने 21वें राष्ट्रमंडल खेलों के दूसरे दिन शुक्रवार को 91 किलोग्राम भारवर्ग के अंतिम आठ में जगह बना ली है। नमन ने ओक्सेनफोर्ड स्टूडियोज में खेले गए अंतिम-16 के मुकाबले में तनजानिया के हारून महांदो

को मात दी। नमन ने हारून को एक तरफा मुकाबले में 5-0 से हराते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। अगले दौर में उनका मुकाबला समोआ के फ्वेंक मासोए से होगा। नमन को यह मुकाबला जीतने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। उन्हें संयम के साथ अपने विपक्षी की गलती का इंतजार किया और उस पर पलटवार करने का मौका नहीं गंवाया। तनजानियाई मुक्केबाज हड़बड़ी में नमन को मौके पर मौके देते चले गए जिसका फायदा नमन ने बखूबी उठाया। वर्ल्ड यूथ चैम्पियनशिप के कांस्य पदक विजेता नमन ने अपने गार्ड को नीचे रखा और अपने रिफलेक्स से हारून के मुक्कों का बचाव किया।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से बढ़ रही पेट्रोल-डीजल के भाव

नई दिल्ली,आरएनएस । अगर अभी तक आपको इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर)भरने में परेशानी होती थी तो केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने नया आईटीआर फॉर्म जारी किया है. यह फॉर्म सीबीडीटी की तरफ से आकलन वर्ष 2018-19 के लिए जारी किया गया है. सीबीडीटी ने कहा कि नए फॉर्म में कुछ खानों को तर्कसंगत किया गया है पर पिछले साल की तुलना में आईटीआर दाखिल करने के तरीके में बदलाव नहीं किया गया है. सीबीडीटी ने कहा कि कुछ श्रेणी के करदाताओं को छोड़कर

सभी सातों आईटीआर इलेक्ट्रॉनिक तरीके से दाखिल करने होंगे.वेतनभोगी करदाताओं के लिए सहजसबसे प्रमुख आईटीआर एक या सहज है जो वेतनभोगी करदाताओं द्वारा भरा जाता है. यह एक पेज का है. पिछले वित्त वर्ष में 3 करोड़ लोगों ने इसका इस्तेमाल किया था. सीबीडीटी ने कहा कि व्यक्तिगत लोगों और हिंदू अविभाजित परिवारों के लिए, जिनकी आमदनी कारोबार या पेशे से अलग हटकर किसी अन्य मद से आती है, के लिए आईटीआर 2 को भी तर्कसंगत किया गया है. बयान में कहा गया कि ऐसे व्यक्तिगत लोग या हिंदू अविभाजित परिवार जिनकी आमदनी का स्रोत कारोबार या पेशे से है ।

मुनाफा वसूली से शेयर बाजार लुढ़का, सेंसेक्स 23 अंक गिरा

मुंबई,(आरएनएस)। निवेशकों की मुनाफा वसूली से शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में बंबई शेयर बाजार का सूचकांक 93 अंक गिरकर 33,503.25 अंक पर रह गया. हालांकि, इस दौरान अन्य एशियाई बाजारों में मजबूती का रुख दिखाई दी. बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक शुरुआती दौर में 93.55 अंक यानी 0.27 प्रतिशत गिरकर 33,503.25 अंक पर आ गया. धातु, पूंजीगत सामान, आईटी, आटो, प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों के समूह सूचकांक इस दौरान 1.06 प्रतिशत तक नीचे आ गए.

निफ्टी में भी गिरावट दर्ज

कारोबारी सत्र के दौरान सुबह करीब 11.30 बजे 30 शेयरों वाला बीएसई 23 अंकों की गिरावट के साथ 33574 के स्तर पर कारोबार कर रहा था. लगभग इसी

समय निफ्टी 13 अंक गिरकर 10312 के स्तर पर था. आपको बता दें कि गुरुवार को शेयर बाजार में 577 अंक की तेजी आई थी. चालू वित्त वर्ष की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा में केंद्रीय बैंक ने नीतिगत दर में कोई बदलाव नहीं किया. इसके बाद शुक्रवार को शेयर बाजार में कारोबार की शुरुआत धीमी रही.

अमेरिका के डाउ जोंस में बढ़त

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों पर आधारित निफ्टी सूचकांक भी 19.50 अंक यानी 0.18 प्रतिशत गिरकर 10,305.65 अंक पर कारोबार कर रहा था।

चीन ने अमेरिका की हजारों फैक्ट्रियों को तबाह किया

ट्रेड वार पर बोले ट्रंप

वाशिंगटन,आरएनएस । ट्रंप प्रशासन के इस्पात और एल्यूमीनियम आयात पर शुल्क लगाने के बाद चीन और अमेरिका के बीच चल रहा ट्रेड वार थमने का नाम नहीं ले रहा है. अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के साथ व्यापार संबंधी विवाद को तेज करते हुए चीनी उत्पादों पर 100 अरब अमेरिकी डॉलर का अतिरिक्त शुल्क लगाने के लिए कहा है. यह अमेरिका में आने वाले 1300 चीनी प्रोडक्ट पर पहले से ही प्रस्तावित 25 फीसदी आयात शुल्क के अतिरक्त है. तीन अप्रैल को अमेरिकी व्यापार रीप्रजेंटेटिव (यूएसटीआर) ने चीन से आने वाले सामान पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी।